नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 154/2021
Dt-16-4-2021

माननीय मंत्री महोदय,

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के दलदल ग्रामवासी 40 वर्षीय श्री गंगा प्रसाद मिश्र जी के कोरोना से मृत्यु के प्रति पीएचसी मधेपुर द्वारा कृत कार्रवाई की जाँच कराने के संबंध में।**

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के मधेपुर प्रखंड के ग्राम दलदल के 40 वर्षीय श्री गंगा प्रसाद मिश्र जी की कोरोना से मृत्यु हो गयी, जो प्रथम दृष्टया इलाज में लापरवाही का संकेत है।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार श्री गंगा प्रसाद मिश्र जी की मृत्यु कोरोना के समुचित ईलाज के अभाव में हो गयी। कोरोना के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह सजग है लेकिन प्रकाशित समाचार के माध्यम से पीएचसी मधेपुर द्वारा कृत कार्रवाई एवं कोरोना जैसी वैश्विक आपदा को हल्के में लेना एवं असावधानी बरतने से ही श्री गंगाप्रसाद मिश्र जी की मृत्यु हो गयी। पीएचसी में ईलाज की व्यवस्था न होने पर दूसरे अस्पताल में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी।

अतः अनुरोध है कि संलग्न प्रकाशित समाचार के आलोक में श्री गंगाप्रसाद मिश्र की कोरोना से मृत्यु एवं पीएचसी मधेपुर में की गयी लापरवाही की समुचित जाँच कराना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
16.4.21

(नीतीश मिश्रा)

संलग्न– दिनांक 14.4.2021 को प्रभात खबर में प्रकाशित समाचार की छायाप्रति।

सेवा में
श्री मंगल पांडे जी,
माननीय मंत्री,
स्वास्थ्य विभाग,
बिहार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in